# गृह विज्ञान प्रश्न बैंक (2020-2021)

## कक्षा-12

## इकाई I - कार्य, आजीविका तथा जीविका

<u>रिक्त स्थान भरो</u>

प्रश्न 1. _____________ नियत परिणामों की गतिविधियों का एक समूह है।

प्रश्न 2. _____________ कार्य आंतरिक संतुष्टि अथवा उत्कृष्ट उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रेरित होता है।

प्रश्न 3. _____________ असम में पाए जाने वाले कई शिल्पों में से एक है।

प्रश्न 4. भारतीय संविधान का अनुच्छेद ________ राज्य के अधीन किसी भी दफ़्तर में रोज़गार और नियुक्ति से संबंधित मामलो में सभी नागरिकों को समानता की गारंटी देता है ।

प्रश्न 5. नीचे दी गई पारंपरिक कला को पहचानिए।



प्रश्न 6. भारत के उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ यह व्यंजन लोकप्रिय है।



प्रश्न 7. मिलान कीजिये -

| | |
|---|---|
| A. बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना | i) उद्द्यमिता |
| B. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय | ii) बालिका की सुरक्षा |
| C. मानव और मशीन का सामंजस्य | iii) सर्व शिक्षा अभियान / समग्र शिक्षा |
| D. नया और नवप्रवर्तक उत्पाद स्थापित करना | iv) सुकार्यिकी |

सही विकल्प चुनें

(a) A(i), B(iv), C(iii), D(ii)
(b) A(iii), B(iv), C(i), D(ii)
(c) A(ii ), B(iii), C(iv), D(i)
(d) A(ii ), B(iii), C(iv), D(i)

प्रश्न 8. मिलान कीजिये -

| | |
|---|---|
| A. फल, सब्ज़ियाँ, दालें व गेहूँ | i) उड़ीसा |
| B. चाय, कॉफी, इलाइची व रबड़ | ii) केरल |
| C. शोला शिल्प | iii) नक़दी महत्त्व की फसलें |
| D. नारियल शिल्प | iv) आर्थिक महत्त्व की फसलें |

सही विकल्प चुनें

(a) A(i), B(ii), C(iii), D(iv)
(b) A(iii), B(iv), C(i), D(ii)
(c) A(iv ), B(iii), C(ii), D(i)
(d) A(ii ), B(iii), C(iv), D(i)

प्रश्न 9. निम्नलिखित का पूरा नाम लिखिए-

1. N.G.O.
2. I.P.R.
3. E.S.I. Act
4. N.P.A.
5. K.G.B.V.
6. R.T.E.
7. K.V.I.C.
8. B.B.B.P.

प्रश्न10. _____________________ वह क्षमताएँ हैं जो लोगो को समुचित तरीकों से व्यवहार करने योग्य बनाती हैं, विशेष रूप से उन परिस्थितियों में जो उनके लिए चुनौती-पूर्ण होती हैं ।

a) शारीरिक श्रम
b) मनोवृत्ति
c) जीवन कौशल
d) मूल्य

प्रश्न 11. ________________ आनुवांशिकी और जनन अंगों के आधार पर जैविक वर्ग से संबंधित है।

a) जेंडर
b) लिंग
c) पुरुष
d) स्त्री

प्रश्न 12. जीवन की दैनिक आवश्यकताओं और चुनौतियों से निपटने के लिए _______ सहायक हैं।

a) पारस्परिक कौशल
b) संचार कौशल
c) जीवन कौशल
d) प्रबंधन कौशल

प्रश्न 13. दक्षता को कार्य-स्थल पर ______ से बढ़ाया जा सकता है।

a) अर्थशास्त्र
b) जैवगतिकी
c) नाटकीय कला
d) सुकार्यिकी

प्रश्न 14.सामाजिक और सांस्कृतिक प्रथाएँ प्रत्येक समाज में विभिन्न ___________ का व्यवहार तय करते हैं।

a) विद्यार्थियों
b) जेंडर
c) सहोदरों
d) मज़दूरों

प्रश्न 15.कार्य जो समाज अथवा अन्य लोगों के लिए उपयोगी होता है, जिसे ज़िम्मेदारी से किया जाता है और करने वाले के लिए आनंद-दायक भी होता है उसे ________ कहते है।

a) व्यर्थ कार्य
b) अर्थपूर्ण कार्य
c) शारीरिक कार्य
d) परियोजना कार्य

प्रश्न 16. ________________________भारतीय गाँवों के परंपरागत व्यवसायों में से एक है।

a) फैशन डिजाइनिंग

b) ओरिगेमी

c) इकेबाना

d) हस्तशिल्प

प्रश्न 17. निम्न में से कौन एक प्रख्यात महिला उद्यमी है?

a) किरण मज़ूमदार शॉ

b) किरण मज़ूमदार खान

c) मीरा मज़ूमदार खान

d) मीरा मज़ूमदार शॉ

प्रश्न 18. एक व्यक्ति का नौकरी से संतोष अथवा असंतोष का अनुभव उसके _________ से काफी प्रभावित होता है।

a) मित्रों

b) मनोवृत्ति

c) लालन-पालन

d) परिवार

प्रश्न 19. ग्रामीण क्षेत्रों, दूरस्थ क्षेत्रों और समाज में प्रतिकूल परिस्थितियों में रहने वाली बालिकाएँ जो कभी विद्यालय में दाखिल नहीं हुई हैं या विद्यालय छोड़कर चली गई हैं, को प्राथमिक शिक्षा तक आवासीय विद्यालयों में शिक्षित करने की भारत सरकार की एक योजना ___________ है।

a) समेकित बाल विकास सेवाएँ

b) कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय

c) बेटी बचाओ बेटी पढाओ

d) राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रश्न 20. सामाजिक उद्यमी सामाजिक _________ तथा दूरदर्शी होते हैं।

a) उत्प्रेरक

b) कलाकार

c) दुकानदार

d) डिजाईनर

<u>केस स्टडी आधारित प्रश्न - **1**</u>

उद्यमिता एक नया और नवप्रवर्तक उद्यम / उत्पाद या सेवा स्थापित करने का कार्य है। उद्यमियों का कार्य, किसी उत्पाद के उत्पादन या डिज़ाइन के प्रतिरूप में नवप्रवर्तनों / आविष्कार द्वारा बदलना होता है अथवा नयी तकनीकी विधियों /सुधारों द्वारा नयी उपयोगी वस्तु या पुरानी को नए तरीके से बनाना होता है। एक उद्यमी वह व्यक्ति है जो इस प्रकार के परिवर्तनों को एक उद्यम या व्यवसाय के माध्यम से पूरा करता है। उद्यमी संसाधनों और / या अर्थव्यवस्था को अपनी कुशाग्र बुद्धि से जुटाता है और इसे जीविका के लिए लक्ष्य बनाता है। एक उद्यमी वह व्यक्ति होता है जो एक नए विचार को वास्तविकता का रूप देने का जोखिम उठा सकता है। एक उद्यमी नवप्रवर्तक, रचनात्मक, सुव्यवस्थित और जोखिम उठाने वाला व्यक्ति होता है।

प्रश्न 1. इनमें से किसके द्वारा उद्यमिता को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है ?

a) नवप्रवर्तन / अविष्कार

b) घरेलू कामकाज़

c) निराशावाद

d) मनोरंजन

प्रश्न 2. इनमें से कौन-सा एक उद्यमी के लिए अवरोध है ?

a) मजबूत समर्थन तंत्र

b) यथार्थवादी होना

c) लचीला /विनम्र होना

d) कड़ी मेहनत करने की अनिच्छा

प्रश्न 3. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन, एक व्यक्ति को नया उद्यम शुरू करने की सहायता प्रदान नहीं कर सकता है ?

a) बैंक

b) स्वैच्छिक संस्थाएँ

c) राजकीय एजेंसियाँ

d) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

प्रश्न 4. भारत के प्रमुख उद्यमी हैं -

a) श्रीमान नारायण मूर्ति

b) श्रीमान जे. आर. डी. टाटा

c) श्रीमान स्वामी नारायण

d) उपरोक्त (a) व (b)

## लघुउत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. आजीविका के लिए दो जीवन कौशल का उल्लेख कीजिए?

अथवा

भारत के दो पारंपरिक व्यवसायों की सूची बनाएँ ।

प्रश्न 2. सुकार्यिकी के किन्हीं दो स्तंभों के नाम लिखिए ।

प्रश्न 3. नौकरी और जीविका के बीच एक-एक अंतर लिखिए ।

प्रश्न 4 . हमारे देश में हस्तशिल्प के अस्तित्व को खतरा पैदा करने वाली किन्हीं दो चुनौतियों की सूची बनाइए?

प्रश्न 5. भारत में समानता की गारंटी देने वाले किन्हीं दो अधिनियमों या कानूनों का उल्लेख कीजिए।

केस स्टडी आधारित प्रश्न – 2

साक्षरता, समानता, असमानता, यौन उत्पीड़न और कन्या भ्रूण हत्या जैसे मुद्दों को सही तरीके से नहीं उठाया गया तो महिलाओं का उत्थान लगभग असंभव है। पहले के दशकों के दौरान महिलाओं के लिए कार्यक्रम कल्याणकारी दृष्टिकोण की ओर लक्षित थे, धीरे-धीरे यह अवसर की समानता और फिर अंत में विकास के दृष्टिकोण पर आधारित हो गए।"कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय"(KGBV)" सर्व शिक्षा अभियान "(SSA) / समग्र शिक्षा के अंतर्गत भारत सरकार की एक योजना है, एक अन्य योजना" बेटी बचाओ बेटी पढाओ "(BBBP) भी भारत सरकार की ही योजना है।

प्रश्न 1. "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" योजना भारत सरकार द्वारा वर्ष _____________ में शुरू की गई थी।

a) 2004
b) 2015
c) 2005
d) 2010

अथवा

प्रतिकूल परिस्थितियों में रहने वाली या विद्यालय छोड़ चुकीं लड़कियों के लिए सर्व शिक्षा अभियान (एस.एस.ए.) / समग्र शिक्षा के तहत कौन सी योजना आती है?

a) KGBV
b) BBBP
c) MDM
d) NYP

प्रश्न 2. श्री महिला गृह उद्योग लिज्जत पापड़ महिलाओं का एक संगठन है। यह ______________ का एक उदाहरण है

a) संगठित महिला सशक्तिकरण
b) असंगठित महिला सशक्तिकरण
c) राष्ट्रीय कार्य योजना
d) आँगनवाड़ी

प्रश्न 3. 'कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय' (KGBV) भारत सरकार द्वारा 2009 में पारित _____________ कानून को लागू करने में भी सहायक है

a) बोलने का अधिकार
b) उद्यमशीलता का अधिकार
c) शिक्षा का अधिकार
d) समानता का अधिकार

प्रश्न 4. महिला कार्यकर्ताओं की समस्याओं का निपटारा करने के लिए ________ मंत्रालय में महिला प्रकोष्ठ बनाए गए हैं।

a) श्रम
b) एजुकेशन
c) सामाजिक कार्य
d) गृह